# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

**हौज खास, नई दिल्ली–110016 वेबसाइट: www.iitd.ac.in**

**विज्ञापन संख्या : स्थापना–II/07/2025 (प्रतिनियुक्ति) दिनांक 2 अप्रैल, 2025**

प्रतिनियुक्ति आधार पर भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्र.सं. | पदनाम* | अनुभाग/एकक | ग्रुप | पदों की संख्या | 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | संस्थान अभियन्ता | सम्पदा एवं निर्माण अनुभाग | ग्रुप 'ए' | 01 | लेवल 14 | 57 वर्ष |
| 02 | कार्यपालक अभियन्ता (सिविल) | | | 01 | लेवल 11 | 56 वर्ष |

***** इन पदों पर समावेशन का कोई प्रावधान नहीं है। केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित अन्य संवर्ग पद (ex-cadre post) पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति अवधि की शुरुआत की तारीख से दो (02) वर्ष होगी। जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अधिकतम पांच (05) वर्ष की अवधि या सेवानिवृत्ति की आयु (जो भी पहले हो), तक बढ़ाया जा सकता है।

**निर्धारित न्यूनतम अर्हता/अनुभव :**

**01 संस्थान अभियन्ता**

केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशो/उनके विश्वविद्यालयों या संस्थानों/स्वायत्त निकायों/सरकारी प्रयोगशालाओं/सांविधिक संगठनों/पी.एस.यू./पी.एस.ई. के अंतर्गत कार्यरत अधिकारीः–

(1) समान पद धारण करने वाले

**या**

(2) अधीक्षण अभियंता का पद धारण करने वाले व्यक्ति; तथा

निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखने वाले आवेदन कर सकते हैंः–

**अनिवार्यः–**

(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की उपयुक्त समकक्ष शाखा में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

(2) न्यूनतम 15 वर्ष का सुसंगत अनुभव, जिसमें 8700/– रुपये के ग्रेड वेतन में अधीक्षण अभियंता (या उच्चतर) या समकक्ष के स्तर पर कम से कम 03 वर्ष की नियमित स्वच्छ सेवा की हो।

**या**

(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की उपयुक्त समकक्ष शाखा में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक उपाधि।

(2) न्यूनतम 18 वर्ष का सुसंगत अनुभव, जिसमें 8700/–रूपए के ग्रेड वेतन पर अधीक्षण अभियंता (या उच्चतर) या समकक्ष के स्तर पर कम से कम 03 वर्ष की नियमित स्वच्छ सेवा की हो।

**वांछनीयः**

1. लोक निर्माण विभाग में सिविल/इलेक्ट्रिकल/HVAC कार्यों के निर्माण और रखरखाव के समन्वय और पर्यवेक्षण का अनुभव।

2. आईआईटी दिल्ली में, संस्थान इंजीनियर ही संपदा अधिकारी का प्रभार भी संभालता है और इसलिए उसे संपदा मामलों और सार्वजनिक परिसर अधिनियम/नियमों की जानकारी होना भी वांछनीय है।

3. निर्माण और निर्माण प्रबंधन से संबंधित सॉफ्टवेयर, जैसे कंप्यूटर समर्थित डिजाइन (CAD) आदि के संचालन का अनुभव।

**02. कार्यकारी अभियंता (सिविल)**

केंद्र/राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों/उनके विश्वविद्यालयों या संस्थानों/स्वायत्त निकायों/सरकारी प्रयोगशालाओ/सांविधिक संगठनों/पी.एस.यू./पी.एस.ई. के तहत काम करने वाले अधिकारी आवेदन करने के पात्र हैं। उन्हें पदों के लिए विशिष्ट मानदंडों के अलावा निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगाः–

क) नियमित आधार पर समान पद धारण करने वाला हो, या

ख) तत्काल निचले ग्रेड (सहायक कार्यकारी अभियंता–सिविल) या समकक्ष में कम से कम 5 साल की नियमित सेवा की हो।

**सामान्य अनुदेशः**

1) अभ्यार्थी को संबंधित पद हेतु आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं, आयु एवं पात्रता अनुभव मानदण्ड के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। चूंकि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में प्रत्याशी द्वारा दिए गए डाटा के आधार पर सभी आवेदनों को जांचा जाएगा। प्रत्याशी जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी योग्यता के अनुसार वह स्वयं सन्तुष्ट है। भर्ती एवं चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर प्रत्याशी द्वारा दी गई सूचना को झूठा अथवा गलत पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी।

2) एक बार आवेदन जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें तबदीली/पुनः प्रविष्ट नहीं किया जा सकता। एक बार सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में प्रत्याशी द्वारा भरे गए किसी भी डाटा/विवरण में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा। अतः ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी डाटा/विवरण पहले से ही तैयार रखें। **प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए Mozilla Firefox का इस्तेमाल करे।**

3) 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग में वर्णित मैट्रिक्स के अतिरिक्त वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप भा.प्रौ.सं. दिल्ली नियमों के अन्तर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्ते दिए जाएंगे। प्रतिनियुक्ति के अन्य नियम एवं शर्ते भारत सरकार/कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 17.06.2010 के पत्र संख्या 6/8/2009–Estt (pay-II) द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार संचालित होगी तथा 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के आलोक में समय समय पर संशोधित की जाएगी।

4) अंतिम ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट के साथ आवेदन पत्र में उल्लेख किए गए शैक्षिक योग्यता, अंकतालिका, अनुभव और वेतन आदि से संबंधित सहायक दस्तावेजों की फोटोकॉपी निम्नलिखित दस्तावेज के साथ उचित माध्यम से (अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर) भर्ती प्रकोष्ठ, भा.प्रौ.सं. दिल्ली को अग्रेषित करें।

(i) मूल संगठन एवं अधिग्रहण संगठन से अनापत्ति/सहमति पत्र, यदि लागू हो तो।

(ii) संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण से संवर्ग मंजूरी।

(iii) अधिकारी के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है, इस संबंध में सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र।

(iv) पिछले दस वर्षों के दौरान उसे कोई बड़ा/छोटा जुर्माना नहीं लगाया गया है, इस संबंध में प्रमाणपत्र।

(v) अधिकारी की पिछले 5 वर्षों की गोपनीय रिपोर्ट फाइल/मूल्यांकन रिपोर्ट की पूर्ण और अद्यतन फोटोकॉपी जिसका प्रत्येक पृष्ठ अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित हो।

(vi) यदि वर्तमान पद नियमित आधार पर धारित है तो :–

(क) पद का ग्रेड वेतन/वेतन लेवल ।

(ख) ग्रेड वेतन/वेतन लेवल जिसमें आवेदक द्वारा वेतन लिया जा रहा है।

(ग) यदि ऊपरोक्त (क) और (ख) में कोई अंतर है तो उसका कारण उदाहरणार्थ NFU/NFSG/MACP आदि के तहत ग्रेड वेतन/वेतन लेवल ।

यदि धारित पद नियमित आधार पर उपरोक्त से भिन्न होः–

(क) पदनाम और कार्यालय का नाम।

(ख) पद का ग्रेड वेतन/वेतन लेवल ।

(ग) ग्रेड वेतन/वेतन लेवल जिसमें आवेदक द्वारा वेतन लिया जा रहा है।

(घ) यदि पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर है, तो प्रतिनियुक्ति के आधार पर बिताए गए वर्षों की संख्या।

(vii) समतुल्यता प्रमाणपत्र 7वीं सी.पी.सी. वेतन मैट्रिक्स लेवल के (IDA/ अन्य वेतनमान), यदि लागू हो तो।

**उपर्युक्त दस्तावेज/प्रमाणपत्र अनिवार्य है अन्यथा उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।**

5) अवसर और आपातकाल जैसी भी स्थिति हो किसी भी विज्ञापित पद को भरने अथवा ना भरने का अधिकार भी आई.आई.टी. दिल्ली सुरक्षित रखता है।

6) चयन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता/भ्रम के मामले में निदेशक, भा.प्रौ.सं. दिल्ली का निर्णय अन्तिम होगा।

7) चयनित प्रत्याशी भा.प्रौ.सं. दिल्ली के किसी भी परिसर में सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

8) संस्थान अभियन्ता एवं कार्यपालक अभियन्ता (सिविल) पदों पर अधिवर्षिता की आयु क्रमशः 62 वर्ष एवं 60 वर्ष है।

9) (क) प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन केवल **02.04.2025** से **01.05.2025 को सांय 5.00 बजे तक** कर सकते हैं। दोनों तिथियाँ शामिल हैं।

(ख) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने के लिए संस्थान वेबसाइट पर जाएं।

1. प्रत्यक्ष लिंक : **https://ecampus.iitd.ac.in/IITDSR-0/login**
2. वैकल्पिक लिंक : **https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php**

(ग) प्रत्याशी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट सहित उपरोलिखित दस्तावेज उचित माध्यम द्वारा भर्ती जमा करने की अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर **भर्ती प्रकोष्ठ, (स्थापना अनुभाग–2) कमरा सं. 207/सी–7, द्वितीय तल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली–110016** पर भेजें। उम्मीदवार को स्पष्ट रूप से लिफाफे के शीर्ष पर "________________________________________**पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन**" लिखना होगा।

(घ) अपूर्ण आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

10) प्रत्याशियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन में अपने सही और सक्रिय ईमेल पते का उल्लेख करें क्योंकि सभी पत्राचार जैसे कि प्रवेश पत्र जारी करना या कोई अन्य जानकारी केवल ई–मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

11) चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी कानूनी विवाद दिल्ली के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों के अधीन होगा।

12) उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद शॉर्टलिस्टेड और नॉन–शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की सूची (केवल पंजीकरण संख्या तथा शॉर्टलिस्ट न होने के कारण दर्शाते हुए) संस्थान की वेबसाइड **https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php** पर प्रदर्शित की जाएगी। आवेदकों को अपनी शॉर्टलिस्टिंग/नॉन–शॉर्टलिस्टिंग के लिए इस वेबसाइट पर निरंतर नजर रखनी चाहिए। शॉर्टलिस्टिंग पर यदि कोई प्रतिवेदन हो तो सूची के प्रकाशन की तारीख से 05 (पॉच) दिनों की अवधि के भीतर ईमेल **recruitmentcell@admin.iitd.ac.in** पर पात्रता संस्थान को भेजना होगा।

13) पात्रता/अनुभव/आयु की गणना विज्ञापन की अन्तिम तिथि से गिनी जाएगी।

14) पात्रता, आवेदन पत्र का स्तर, डाक से विलम्ब, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और चयन प्रक्रिया आदि के लिए न बुलाए जाने के कारण के संबंध में किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

15) यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में कोई अस्पष्टता/विवादित स्थिति पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम समझा जायेगा।

**(भर्ती प्रकोष्ठ)**
**भा.प्रौ.सं. दिल्ली**